परियोजना का नामः– मसूरी सीवरेज योजना (Safe Disposal of Effluent of Bhattafall STP in Dobha Khala at Lal Darwaja.)

## प्रतिवेदन
## (परियोजना के सम्बन्ध में संक्षिप्त विवरण)

जनपद देहरादून के नगर पालिका परिषद, मसूरी हिमालय पर्वत श्रंखला के निचले भाग में एक रमणीय पर्वतीय पर्यटन स्थल है। जहाँ वर्ष भर देश–विदेश से पर्यटक / सैलानी आते हैं।

मसूरी नगर में वर्ष 1964 में तत्समय की आवश्यकता के अनुरूप सीवर लाईन बिछायी गयी थी, जो वर्तमान में नगर के तीव्र गति से विस्तार के कारण नगर के सीमित भाग को ही जोड़ती है। पूर्व निर्मित सीवर लाईन एवं सैप्टिक टैंक अपना अभिकल्पन वर्ष पूर्ण कर चुके हैं तथा वर्तमान में उत्पादित सीवर लोड हेतु पर्याप्त एवं कार्यकारी नहीं हैं। जिसके कारण प्रदूषित उत्प्रवाह समीपवर्ती नदी, नाले इत्यादि में हो रहा है।

अतः मसूरी नगर के प्राकृतिक सौन्दर्य एवं स्वस्थजनिक वातावरण को बनाये रखने हेतु 'मसूरी सीवरेज योजना' के अन्तर्गत शेरगढ़ी, बार्लोगंज व धोबीघाट जोनों के सीवर हेतु भट्टाफॉल में निर्मित एस0टी0पी0 निर्मित किया गया है किन्तु एस0टी0पी0 के D/S में पेयजल योजनाओं के श्रोत होने के कारण नीचे के ग्रामवासियों के द्वारा मांग की गयी है कि इफ्ल्यूएन्ट को उक्त क्षेत्र से दूर सीवर लाईन बिछाकर पंहुचाया जाय। जिस हेतु रू0 345.19 लाख का प्राक्कलन बनाया गया है, की स्वीकृति हो चुकी है तथा धनाबंटन शासन से वांछित है। अनु0 लागत रू0 345.19 लाख पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा स्वीकृत की गयी है।

योजना के अन्तर्गत भट्टाफॉल एस0टी0पी0 से डोबाखाला लाल दरवाजे तक इफ्ल्यूएन्ट के निस्तारण हेतु सीवर लाईन बिछाने हेतु वांछित भूमि के हस्तान्तरण की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव तैयार किया गया है।

(प्रयोक्ता एजेन्सी)

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण शाखा
उत्तराखण्ड पेयजल निगम
मसूरी (देहरादून)